प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक : 04.05.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :-

- मुंबई में आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स का आज चौथा और अंतिम दिन।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- कृषि एवं उद्यानिकी में नवाचार और उन्नत तकनीकों से बढ़ाएंगे उत्पादन क्षमता
- प्रदेश में भी कड़ी सुरक्षा के बीच आज आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- नीट 2025
- मौसम का बदला मिजाज, राज्य के कई जिलों में आंधी-बारिश, ओले भी गिरे।

मुरुगन-वेव्स एमपीए

मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स का आज चौथा और अंतिम दिन है। इसमें इसके प्रभाव की समीक्षा और भविष्य की घोषणाएं की जाएंगी। इससे पहले तीसरे दिन, मोशन पिक्चर एसोसिएशन-एमपीए ने देश की अर्थव्यवस्था पर भारत के फिल्म, टेलीविजन और स्ट्रीमिंग क्षेत्रों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए एक व्यापक रिपोर्ट पेश की। केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और एमपीए के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स रिवकिन इस अवसर पर उपस्थित थे। डॉ. मुरुगन ने नीतियों, उत्पादन प्रोत्साहनों और मजबूत बौद्धिक संपदा सुरक्षा द्वारा समर्थित एक निर्माता-प्रथम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। डॉ. एल. मुरुगन ने देशभर में हो रहे कम्युनिटी रेडियो के कार्यों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि सभी कम्युनिटी रेडियो किसी न किसी उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं और हमारी परंपरा को बढ़ावा दे रहे हैं। वे वेव्स में कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

कृषि मेला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से सम्पन्न हो रहा है। नीति आयोग के अनुसार मध्यप्रदेश, देश में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाला राज्य है। मंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित कृषि उद्योग समागम : 2025 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषकों को बिजली में आत्मनिर्भर बनाने जा रही है। अब किसान सौर ऊर्जा से स्वयं बिजली बनाएंगे और पम्प चलाएंगे। उनके द्वारा अपनी आवश्यकता से अधिक बिजली पैदा करने पर राज्य सरकार किसानों से बिजली खरीदेगी और उसका भुगतान भी करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि पर सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। पांच, तीन, दो हार्स पॉवर तक के सौर पम्प के लिए मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराने पर शेष राशि राज्य सरकार द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। तीन साल में 32 लाख सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 'हर हाथ को काम-हर खेत को पानी' के लिए समर्पित है...

## उप राष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। श्री धनखड़ राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों से परस्पर संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे वे संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह एवं कृषि विश्वविद्यालय के संवाद कार्यक्रम में होंगे शामिल।

## राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय का नाम शल्य चिकित्सा के जनक महर्षि सुश्रुत के नाम पर रखा जाएगा। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र जबलपुर में आयोजित किया गया था। श्री पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह का दिन विद्यार्थियों के लिए संस्थान में उनकी शिक्षा पूरी हो जाने के बाद जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने वाला मील का पत्थर होता है।

## पीएम आवास-गृह प्रवेश

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने कल विदिशा जिले के ग्यारसपुर में पीएम जनमन आवास योजना ग्रामीण के तहत बनाए गए आवासों हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने लाभार्थियों से संवाद कर उनसे जाना कि और किन-किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि पीएम आवास योजना में मकान बनाए जा रहे हैं अकेले ग्यारसपुर के ग्राम करैया में ही 93 आवास बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर गरीब को पक्का आवास मिले यही मोदी सरकार का उद्येश्य है। उन्होंने बताया कि वे धान की दो किस्मों का लोकार्पण करने वाले हैं जिससे 30 प्रतिशत उत्पादन बढ़ेगा और 20 दिन पहले फसल आ जाएगी।

## तबादला नीति

राज्य मंत्रिपरिषद की मंजूरी के चार दिन बाद कल रात को सरकार ने तबादला नीति जारी कर दी है। नीति के अनुसार एक अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2025 के बीच जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला किया है, उनका ट्रांसफर मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। नीति में राज्य एवं जिला स्तर पर तबादले के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नीति जारी की गई है. जिसका पालन सभी विभागों को करना होगा। प्रदेश में 6 लाख 6 हजार नियमित कर्मचारी हैं। नई तबादला नीति में 10% का तबादला होना तय माना जा रहा है। ऐसे में 30 मई तक 60 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले हो सकते हैं।

## एनटीए- नीट-यूजी

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी आज देश भर में पांच हजार से अधिक केंद्रों और विदेश में 13 शहरों में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- नीट यूजी 2025 आयोजित करेगी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षित और संरक्षित परीक्षा आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां और व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए 22 लाख सत्तर हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है।

परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। नीट यूजी परीक्षा सामग्री की उपलब्धता के बारे में निराधार अफवाहों के प्रसार को रोकने के एक ठोस प्रयास में एजेंसी ने "संदिग्ध दावा पोर्टल" के माध्यम से रिपोर्ट किए गए मामलों को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के साथ उठाया है। एजेंसी ने कहा कि परिणामस्वरूप झूठी सूचना प्रसारित करने वाले 165 से अधिक टेलीग्राम चैनलों और 32 से अधिक इंस्टाग्राम खातों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है।

प्रदेश में भी कड़ी सुरक्षा के बीच नीट-2025 आज आयोजित की जाएगी। भोपाल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसके लिए भोपाल में 35 केंद्र बनाए गए हैं। जहां परीक्षा में 14 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। गुना में सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर एनडीए टीम के साथ पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर किशोर कुमार ने निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रहे तथा कहीं भी जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। रीवा में भी परीक्षा शांतिपूर्वक आयोजित करने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगे।

## रेलवे चारधाम यात्रा

रेलवे ने चारधाम यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स ट्रेन की शुरूआत की है। यह रेलगाड़ी बद्रीनाथ, जोशीमठ, ऋषिकेश, पुरी, कोणार्क, रामेश्वरम और द्वारका के साथ-साथ काशी विश्वनाथ, भीमशंकर और त्र्यंबकेश्वर की यात्रा के लिए शुरू की गई है। ट्रेन इस महीने की 27 तारीख को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। और 17 दिन में चार धाम सहित और अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा पूरी करेगी। ट्रेन की टिकट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रेलवे की वेबसाइट पर बुक की जा सकती है।

## मौसम

प्रदेश में कल फिर अचानक मौसम बदल गया। कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। भोपाल में शाम को धूल भरी आंधी चली। इसी के साथ शहर के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। टीकमगढ़ में दिन में अंधेरा सा छा गया। यहां दोपहर करीब 3 बजे बाद अचानक तेज आंधी चली।

## समाचार संक्षेप

- मंडला जिले के रामनगर में आज से शुरू होगा दो दिवसीय आदि उत्सव का शुभारंभ, केन्द्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे।

- सतना जिले के नागौद में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत फल कूप और नलकूपों को रिचार्ज पिट के रूप में विकसित करने का नवाचार प्रयोग किया जा रहा है।

- खण्डवा जिले में कल शहिद जन नायक टंट्या भील जिला जेल परिसर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया।

-------